प्रादेशिक समाचार
16.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खातों में जारी करेंगे किसान सम्मान निधि योजना की राशि।

2. रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा–आने वाले पांच वर्षों में विकसित प्रदेशों की राजधानी के समकक्ष खड़ा हो जाएगा रांची।

3. सिमडेगा और हजारीबाग से मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल सात अंतर्राज्जीय तस्कर गिरफ्तार, गिरिडीह में दो शातिर अपराधी पकड़े गये।
और

4. राज्य वासियों को मॉनसून का अभी कुछ दिन और करना होगा इंतजार, 23 से 25 जून के बीच दस्तक की उम्मीद, कई जिलों में हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को वाराणसी से पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के लिए लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की राशि जारी करेंगे। ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा गया है।

*******************

राजधानी रांची में नई दिशा संस्था की ओर से आज रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है उसे वे बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र और राज्य के विकास के लिए कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की है। श्री सेठ ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में रांची को इस तरह से विकसित किया जाएगा, ताकि दूसरे विकसित प्रदेशों की राजधानी के समकक्ष खड़ा हो जाएगा।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज सरायकेला–खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिले का दौरा किया। अपने दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री ने सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड अंतर्गत फुटबॉल मैदान मतकामबेडा में आयोजित कार्यक्रम में करोड़ों रूपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया । श्री सोरेन इसके बाद पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर स्थित गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में करोड़ों रूपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। इस मौके पर श्री सोरेन ने योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोग्ता और दीपक बिरूआ भी मौजूद थे।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि पलामू सहित पूरे प्रदेश में बिजली और पानी उपलब्ध कराने में राज्य सरकार विफल साबित हुई है। श्री मरांडी ने आज पलामू में लोकसभा चुनाव में मिली हार–जीत की समीक्षा करने के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में ये आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केन्द्र प्रायोजित नल जल योजना के क्रियान्वयन में भी राज्य सरकार विफल है। श्री मरांडी ने कहा कि लोगों को पर्याप्त बिजली–पानी मिले इसके लिए युद्ध स्तर पर अभी भी कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा नवनिर्वाचित भाजपा सांसद वीडी राम भी मौजूद थे।

*******************

केन्द्र सरकार ने आपराधिक न्यायिक प्रणाली प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ शीर्षक से आज कोलकाता में सम्मेलन का आयोजन किया। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सममेलन का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि तीन नए अपराधिक कानून लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए बनाये गये हैं। श्री मेघवाल ने कहा कि देश की स्थिति और समय के अनुसार कानूनों में बदलाव की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि देश के कई वर्गों की ओर से, ब्रिटिश काल के इन कानूनों में बदलाव की मांग की जा रही थी। श्री मेघवाल ने उन आरोपों को खारिज किया कि केंद्र सरकार ने बिना किसी से परामर्श किए जल्दबाजी में ये तीन नए आपराधिक कानून बनाए हैं।

*******************

गढ़वा जिले में दिव्यांग बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिये 15 जून से विशेष अभियान शुरू किया गया है, जो पांच जुलाई तक चलेगा।

*******************

सिमडेगा पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े अंतरराज्यीय गिरोह के 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से 154 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया है। ये तस्कर ओडिशा, झारखंड और उत्तर प्रदेश के रहनेवाले हैं।

इधर हजारीबाग जिले के पेलावल थानाक्षेत्र से पुलिस ने तीन किलो अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनों तस्कर उत्तर प्रदेश के राय बरेली के रहनेवाले हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तीनों तस्करों को न्यायिक हिरासत भेज दिया।

*******************

गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थानाक्षेत्र से पुलिस ने जमशेदपुर के दो शातिर अपराधियों को चोरी के चार पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों अपराधियों पर लूट, फिरौती, आर्म्स एक्ट और गोली मारकर हत्या करने का मामला जमशेदपुर के कई थानों में दर्ज हैं।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में कल मनाये जाने वाले ईद उल अजहा, बकरीद पर्व को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। बकरीद को देखते हुए सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। राज्य के पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि सभी जिलों में अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है और कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

*******************

राज्य के कई इलाकों में अभी भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है। गढ़वा, पलामू और चतरा समेत कई हिस्सों में अगले दो दिनों तक हीट वेव का असर देखने को मिलेगा। वहीं सत्रह जून को पूर्वी तथा पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग जिले में कहीं–कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जा सकती है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। हालांकि इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में गरज और तेज हवा के साथ हल्की बारिश और वज्रपात भी हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 23 से 25 जून के बीच राज्य में मॉनसून प्रवेश कर सकता है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस जून को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मन की बात कार्यक्रम की यह एक सौ 11वीं कड़ी होगी और श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहला कार्यक्रम होगा। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर– 1 8 0 0 1 1 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। इसके अलावा नरेन्द्र मोदी ऐप और माई गॉव ओपन फोरम पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जा सकता है।

*********समाप्त*********